>

Title: Need to start contruction of Lar Road-Manjhi railway line in Siwan Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सिवान): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए अवसर दिया, इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं।

महोदय, रेल बजट, 2010 में तत्कालीन रेल मंत्री सुश्री ममता बनर्जी जी ने हमारे क्षेत्र में लार-रोड-मांझी रेल लाइन का प्रस्ताव लाया था। इस रेल खंड का निर्माण कराने के लिए सर्वे हो रहा है, लेकिन काम काफी धीमा है। दूसरी बात यह है कि यह जो रेलखंड है, उसमें हमारे क्षेत्र का एक बहुत ही महत्वपूर्ण सोहागरा मंदिर है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री से मांग करता हूं कि इस रेल लाइन का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराया जाए। इस रेल लाइन को लार-रोड से होते हुए सोहागरा और वहां से मांझी ले जाने का हम आपसे अनुरोध करते हैं।